एक नजर में

## वामा साहित्य मंच की अनूठी मासिक गोष्ठी



**इंदौर.** वामा साहित्य मंच (शब्द-शक्ति की संवाहक) द्वारा %खेल पर लेखन खेल नहीं... विषय पर एक अनूठी और विचारोत्तेजक मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ डॉ. आराधना तिवारी द्वारा प्रस्तुत सुंदर वाग्देवी वंदना से हुआ. कार्यक्रम की भावभूमि रखते हुए मंच की अध्यक्ष ज्योति जैन ने इस बात पर चिंता जताई कि आमतौर पर खिलाड़ी रहीं महिलाएं एक समय के बाद खेलों से विमुख हो जाती हैं और अपनी सेहत को नजरअंदाज करने लगती हैं. साथ ही पूर्व में खिलाड़ी रह चुकी मंच से जुड़ी लेखिकाओं ने अपने खट्टे-मीठे संस्मरण, जीत-हार के अनुभव और विचार साझा किए। जिसमें सुजाता देशपांडे, सुनीता दुबे ने आंगन की मिट्टी से गुम होते खेल, माधुरी निगम व सुनीता दुबे ने ऐसा कोई प्रसंग जब मैं जीतकर हारी पर, शैला अज्बे ने खेल सिर्फ अभ्यास नहीं एक अनुशासन है और आशा गर्ग तथा प्रतिभा जोशी ने %खेल पर लेखन आसान नहीं है उसके उदाहरण, महिलाओं के लिए चुनौतियां एवं सुझाव, अमिता मराठे ने खेल में जुनून और सहयोग तथा स्नेहा काले ने जीवन में खेल, खेल में क्या से क्या हो गया, सुमन गुप्ता ने खेल में आत्मविश्वास और प्राप्त प्रेरणा जैसे विषयों पर अपने उत्कृष्ट और प्रभावी विचार सबके बीच रखे. खेल की खास गोष्ठी में मुख्य अतिथि भी प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी स्निग्धा खासगीवाला ने महिला और लेखन के इस शानदार त्रिवेणी संगम की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ने के लिए लगन, अनुशासन, सहनशक्ति और एकाग्रता बेहद जरूरी है. इस गोष्ठी की कुशल संयोजक अमर चड्ढा व अंजना चक्रपाणि मिश्र ने अतिथि स्वागत पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया. अंजना सक्सेना के जीवंत संचालन में संपन्न हुई। इस गोष्ठी के सफल आयोजन के लिए अंत में, प्रीति दुबे ने सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों के प्रति आभार व्यक्त किया.

## प्रतिभाओं, सैन्य अधिकारी को किया सम्मानित




**इन्दौर.** आज की स्थिति और समय की मांग के अनुसार हमें अपने बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा. समझ और संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ अपनी समृद्ध परंपराओं को नौजवान पीढ़ी की रगों में उतारना होगा. जब हमारी युवा पीढ़ी महापुरुषों और वीरांगनाओं के शौर्य की कहानियों से वाकिफ होगी और सामाजिक जन-जागृति सुनिश्चित होगी, तभी राजपूत समाज एकजुट होकर एक सशक्त और नवीन आकार ले सकेगा. यह प्रबुद्ध विचार इंदौर के आनंद मोहन माथुर सभागृह में आयोजित भव्य राजपूत महासम्मेलन में समाज के वरिष्ठ विचारकों और अतिथियों द्वारा व्यक्त किए गए। यह महासम्मेलन जिला राजपूत समाज धार (ग्रामीण) एवं इंदौर, तथा सर्व राजपूत समाज धार्मिक एवं परमर्थक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था. आयोजन समिति के बनेसिंह तवर कमलेश्वर सिंह सिसोदिया, किशोर सिंह पवार हवन सिंह चावड़ा ने बताया कि स करीब 450 से अधिक गांवों से आए 2000 से ज्यादा समाज जन इस महाकुंभ के साक्षी बने। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठ जन, धर्मशाला निर्माण के दानदाता, प्रबुद्ध वकील, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, उन्नत कृषक, आईएएस व राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, भारतीय सेना के जांबाज अधिकारी और दहेज मुक्त विवाह कर समाज को नई दिशा देने वाले आदर्श परिवारों सहित 250 से अधिक प्रतिभाओं का मंच से सम्मान किया गया.

## महासाध्वी कुमुदलता महाराज का चातुर्मास इंदौर में होगा



**इंदौर.** स्थानकवासी परंपरा में इस वर्ष इंदौर महानगर में सबसे बड़ा चातुर्मास होने जा रहा है. श्रमण संघ के आचार्य सम्राट डॉ शिवमुनि महाराज के आज्ञानुवर्ती महासाध्वी अनुष्ठान आराधिका कुमुद लता महाराज ठाणा चार का चातुर्मास श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन को मिला है. यह चातुर्मास बहुत ही सादगी के साथ धर्म आराधना जप, तप, जाप अनुष्ठान, साधना के साथ गतिमान रहेगा. चातुर्मास को सफल बनाने के लिए चातुर्मास समिति की मीटिंग महावीर भवन में रखी गई मंगलाचरण के साथ मीटिंग प्रारंभ हुई. महामंत्री रमेश भंडारी ने सभी का स्वागत किया. आगमी चातुर्मास के बारे में रूपरेखा रखी. कार्यकारी अध्यक्ष अचल चौधरी, रमेश भंडारी, एवं डीपीन जैन ने ट्रस्ट की ओर से प्रकाश भटेवरा को चातुर्मास का मुख्य संयोजक नियुक्त किया और कहा कि भटेवरा जी सभी व्यवस्थाओं के लिए समितियों का गठन कर कार्य प्रारंभ करें. प्रकाश भटेवरा ने कहा कि मुझे जो जवाबदारी ट्रस्ट ने दी है उसमें मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा साथ ही स्वागत उध्बोधन दिया. आपने बताया कि अनुष्ठान आराधिका डॉ कुमुद लता जी महाराज, डॉ महाप्रज्ञा जी महाराज, डॉ पदम कीर्ति जी महाराज, साध्वी राज कीर्ति जी महाराज आदि ठाणा चार का चातुर्मास प्रवेश 22 जुलाई 2026 को नरसिंग वाटिका एरोड्रम रोड पर होगा प्रवेश जुलूस में हजारों की संख्या में श्रावक श्राविकाए उपस्थित रहेंगे. मंगल प्रवेश जुलूस के मुख्य संयोजक रितेश कटकानी को बनाया गया. मीटिंग में श्रावक संघ ट्रस्ट मंडल, श्राविका संघ, स्थानकवासी युवक संघ, स्वाध्याय शाला, बड़े साथ युवा संघ, आनंद तीर्थ महिला परिषद, आदर्श ज्योति बहू मंडल, पार्श्वनाथ बहु मंडल, आदि संस्थाओं के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे. संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया आभार जिनेश्वर जैन ने माना.

## शर्मा सहित अनेक प्रतिभाओं को गौरव रत्न सम्मान



**इंदौर.** इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यू मिसमेटिक सोसाइटी की संयुक्त मासिक सभा रविवार को रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफ़ी हाउस पर सम्पन्न हुई जिसमें शिक्षाविद डॉ. स्वाति सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं लक्ष्मीकांत जैन की अध्यक्षता में न्यू मिसमेटिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मुद्रा संग्राहक गिरीश शर्मा आदित्य, फिलेटेली के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए राजेश शाह, डॉ. मुकेश पाटीदार एवं मिलिंद देहद्राय और न्यू मिसमेटिक क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिए चेतन अग्रवाल को गौरव रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया. प्रारम्भ में आलोक खादीवाला ने चतुर्विद प्रशिक्षण मंत्र का वाचन किया और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर एवं शिवाजी महाराज पर आधारित फिलेटेली रोटरी कवर संकलन का प्रदर्शन किया. रवीन्द्रनारायण पहलवान ने सभी सदस्यों को समृद्ध न्यू मिस्मेटिक साहित्य का वितरण किया. सभा प्रारंभ करने की घोषणा नरेन्द्र अग्रवाल ने की और सबके स्वास्थ्य की प्रार्थना बहादुर सिंह चौहान ने की. सुरेश भागचंदानी भी सभा में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुद्रा संग्राहक गिरीश शर्मा आदित्य को मालवा न्यू मिसमेटिक गौरव रत्न अलंकरण दिया गया जो उनके जीवनकाल का 41 वां अवार्ड है. इस अवसर पर आईपीएस हिंदी लिटरेचर थेमेटिक ग्रुप का गठन भी किया गया जिसमें मेजर एमके गुप्ता चेयरमैन एवं रवीन्द्र व्यास को-चेयरमैन मनोनीत किए गए. स्वागत संबोधन प्रो शिवम चतुर्वेदी ने दिया और आभार माना जयंत डोसी ने।

# ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर इंदौर में हाई अलर्ट

### पुलिस कमिश्नर ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में प्रस्तावित ब्रिक्स सम्मेलन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर ने रविवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए.**



बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध व मुख्यालय) आरके सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) मयंक अवस्थी सहित सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे. कमिश्नर ने सम्मेलन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट, होटल और कार्यक्रम स्थलों सहित सभी महत्वपूर्ण जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और जवानों को पहले से ब्रीफ किया जाए.

उन्होंने कार्यक्रम स्थल, भ्रमण मार्ग और संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा. अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान पीएसओ और लाइजनिंग अधिकारियों से समन्वय रखा जाए, रूट चेकिंग, पायलट व्यवस्था और ड्राइवरों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए. होटल स्टाफ और आसपास रहने वाले लोगों का भी वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने को कहा. कमिश्नर ने संवेदनशील इलाकों की पहचान कर हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में पेट्रोलिंग बढ़ाने, बदमाशों पर निगरानी रखने और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए. साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी के जरिए सतत निगरानी रखने पर जोर दिया.

**प्रभावी ट्रैफिक प्लान के साथ आपात सेवाओं को अलर्ट रखने के निर्देश**

कमिश्नर ने यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू करने और एंबुलेंस, अस्पताल व फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाओं को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश भी दिए. सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंहने कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान शहर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी. सभी अधिकारियों को अलर्ट रहकर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं.

## नाले किनारे मिले 500 के नोट के बैगों का रहस्य दो माह बाद भी बरकरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सांवेर थाना क्षेत्र में नाले किनारे मिले तीन काले बैग में 500-500 के नोटों की गड्डियों का रहस्य दो माह बाद भी नहीं सुलझ सका है. पुलिस को गड्डियों में ऊपर नीचे 42 हजार रुपए के असली नोट और बीच में कागज मिला था.**

**गुत्थी सुलझाने में अब तक पुलिस को नहीं मिली सफलता**

**3 काले बैग में ऊपर-नीचे असली गड्डी और बीच में कागज भरे थे**

ज्ञात हो कि करीब दो माह पहले किसान विष्णु ने पुलिस को सूचना दी थी कि नाले किनारे तीन काले बैग पड़े हैं, सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और बैग खोलकर देखा तो उसमें 500-500 के नोटों की गड्डियां भरी हुई थीं. मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और गड्डियों की जांच की. जांच में सामने आया कि हर गड्डी के ऊपर और नीचे असली नोट लगे थे, जबकि बीच में कागज रखा था. पुलिस ने मौके से 42 हजार रुपए के असली नोट जब्त किए और आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा. पुलिस का मानना है कि इस तरह की गड्डियों का इस्तेमाल ठगी के लिए किया जाता है. आशंका है कि ठगों ने ये बैग तैयार किए थे और पकड़े जाने के डर से नाले किनारे फेंक दिए. हालांकि घटना के दो माह बीतने के बाद भी पुलिस न तो आरोपियों तक पहुंच सकी है और न ही इस पूरे मामले का रहस्य खुल सका है.

## वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ : 2 गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** चंदन नगर पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से चार चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं.

डीसीपी जोन 4 सुनील मेहता ने बताया कि चंदन नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह का खुलासा किया. लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने विशेष टीम बनाकर निगरानी बढ़ाई. जांच में सामने आया कि चोर वारदात के बाद वाहन धार रोड के रास्ते धार और झाबुआ की ओर ले जाकर छिपाते या बेच देते थे. इस इनपुट के आधार पर नवादा पंथ क्षेत्र में रात 1 से सुबह 5 बजे तक सघन वाहन चेकिंग की गई. इसी दौरान दो संदिग्ध युवक बाइक से आते दिखे. पुलिस को देख दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया. पूछताछ में उन्होंने सूने स्थानों और पार्किंग से लॉक तोड़कर व डायरेक्ट वायर जोड़कर वाहन चोरी करना कबूल किया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास गुर्जर उम्र 21 साल निवासी हरदा और सौरभ राजपूत उम्र 23 साल निवासी खंडवा के रूप में हुई है, जो वर्तमान में इंदौर में रह रहे थे. आरोपी चोरी के वाहन अलीराजपुर और गुजरात में बेचकर शौक पूरे करते थे. आरोपियों ने चंदन नगर क्षेत्र से तीन और एरोड्रम क्षेत्र से एक दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया. उनकी निशानदेही पर होंडा शाइन, हीरो स्प्लेंडर, रॉयल एनफील्ड बुलेट और एक बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटर बरामद की गई.

## पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित

**इंदौर.** मसीही कन्या विद्यालय एवं डायोसिस इंग्लिश स्कूल के पूर्व छात्र-छात्राओं का भव्य मिलन समारोह विद्यालय परिसर में उत्साह और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया. समारोह में वर्ष 1960 से 2000 तक के विभिन्न बैचों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए. वर्षों बाद पुराने साथियों के एक मंच पर मिलने से विद्यालय जीवन की यादें फिर से जीवंत हो उठीं और पूरा परिसर भावनात्मक माहौल से सराबोर नजर आया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेवरेंट जयवंत कटारा, सेक्रेटरी डायोसिस भोपाल, सुरेश कार्टन पास्टर, भाजपा नेता एवं विद्यालय के पूर्व छात्र पूर्व पार्षद परसराम वर्मा, क्षेत्रीय पार्षद विजय लक्ष्मी गौहर तथा अनिल गौहर विशेष रूप से उपस्थित रहे. अतिथियों का स्वागत रूपेश सिंह, अधिवक्ता प्रेमलाल वर्मा 'बब्बू' सहित अन्य पूर्व छात्र-छात्राओं ने किया.

## सीक्रेट स्टिंग : 7 हॉटस्पॉट पर देर रात तक रखी निगरानी

- **राऊ क्षेत्र में सादा वर्दी में महिला पुलिस को किया तैनात**
- **मनचलों और गुंडे-बदमाशों पर रखी नजर**



नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस ने महिला सुरक्षा को लेकर सीक्रेट मिडनाइट स्टिंग ऑपरेशन चलाते हुए राऊ थाना क्षेत्र के 7 चिन्हित स्थानों पर देर रात महिला पुलिसकर्मियों को सादा वर्दी में तैनात किया. अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी गई, हालांकि कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई.**

महिला सुरक्षा और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत राऊ थाना प्रभारी ने महिला पुलिस सहित विशेष टीम गठित कर क्षेत्र के 7 स्थान चिन्हित किए. इनमें मन मंदिर, मंत्री मोटर्स चौराहा, एडीसीटी के पास, पुलक सिटी, आराध्य धाम, बालाजी चौराहा, एबिवेट कैफे और चाय सुट्टा बार शामिल रहे. यहां देर रात तक महिला पुलिसकर्मियों को सादा वर्दी में तैनात कर स्टिंग ऑपरेशन चलाया.

पूरे अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी, लेकिन कहीं भी छेड़छाड़ या अन्य अप्रिय घटना सामने नहीं आई. सहायक पुलिस आयुक्त गांधीनगर निधि सक्सेना ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को छेड़छाड़ जैसे मामलों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के अभियान समय समय पर चलाए जा रहे हैं और आगे भी जारी रहेंगे.

## रातभर कॉम्बिंग ऑपरेशन में 652 बदमाशों पर कार्रवाई

**1348 बदमाश चेक, नशे में वाहन चलाते 220 चालक पकड़े**

**145 आदतन अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

**अवैध हथियार व नशे के मामले भी दर्ज**



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पुलिस ने शनिवार की दरमियानी रात शहरभर में बड़े पैमाने पर कॉम्बिंग गश्त चलाकर 1348 बदमाशों की जांच की, जिनमें से 652 पर वैधानिक कार्रवाई की गई. इस दौरान 257 वारंट तामील किए गए, 220 नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई हुई और अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज किए.

शहर में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन और एडिशनल कमिश्नर आर.के. सिंह व मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन में चारों जोन की पुलिस ने रातभर सभी थाना क्षेत्रों में सरप्राइज चेकिंग और कॉम्बिंग गश्त की. कार्रवाई के दौरान 1348 गुंडे-बदमाशों की जांच कर 652 के खिलाफ कार्रवाई की गई है. विभिन्न मामलों में 257 से अधिक वारंट तामील किए गए, जिनमें 100 स्थाई, 72 गिरफ्तारी और 85 जमानती वारंट शामिल हैं, साथ ही 140 समंस भी तामील कराए गए. कई फरार आरोपी भी पुलिस की पकड़ में आए,

**सक्रिय अपराधियों को थाने बुलाकर भरवाए डोजियर**

वहीं सक्रिय अपराधियों को थाने बुलाकर उनके डोजियर भरवाए और भविष्य में अपराध न करने की चेतावनी दी गई. पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से संवाद किया और साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम व सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक भी किया. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि शहर में अपराध और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी.

## भक्तों ने किया 108 विद्वानों व भागवत का पूजन



**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हंसपीठाधीश्वर महंत रामचरणदास महाराज की प्रेरणा से चल रहे 108 श्रीमद भागवत एवं रामायण पारायण के अनुष्ठान में महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे विष्णु अर्चना, श्रीसूक्त के पाठ सहित विभिन्न शास्त्रोक्त अनुष्ठानों में सांसद शंकर लालवानी सहित सैकड़ों भक्तों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई तथा रजत मंडित पंचमुखी हनुमान सहित मंदिर में विराजित सभी देवी-देवताओं के दर्शन एवं पूजन-अर्चन का पुण्य लाभ उठाया. मंदिर स्थित रणछोड़ जी, टीकमजी, हंसेश्वर महादेव, अन्नपूर्णा एवं अन्य सभी देवालयों में भी प्रतिदिन सैकड़ों भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है.

## भारत भूमि की विलक्षण धरोहर है राम कथा

**इंदौर.** रामकथा संस्कारों का सृजन कर हमारे व्यक्तित्व को आदर्श बनाकर ऊंचाई की ओर ले जाती है. रामकथा श्रवण के लिए मनोरंजन की आशा लेकर नहीं आना चाहिए. राम त्रिकाल सत्ता है. उनकी लीलाएं भी सर्वकालिक है. रामकथा भारतभूमि की विलक्षण धरोहर है जिसमें आसुरी संस्कृति के समूल विनाश और प्राणी मात्र के संपूर्ण मंगल के मंत्र भरे पड़े हैं. ये विचार हैं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के, जो उन्होंने रविवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा में राम राज्याभिषेक सहित विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि कथा शुभारंभ के पहले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया.



## ज्ञान गंगा महोत्सव का शुभारंभ

**इंदौर.** नवरतन बाग स्थित विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास खाकी महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय संगीतमय भव्य एवं दिव्य ज्ञान महोत्सव का शुभारंभ हुआय पुरषोत्तम मास में हो रहे महोत्सव में सर्वेश्वरी देवी नानी बाई का मायरा पर प्रवचन शुरू हुए. प्रवीण जोशी ने बताया कि पहले दिन सर्वेश्वरी देवी ने कहा कि नानी बाई का मायरा प्रेम, त्याग और सम्मान की गाथा है. इस प्रसँग को सुनकर बार-बार मन आँनदित् होता है. प्रारंभ में राधा सुशील उपाध्याय ने व्यास पीठ का पूजन किया। महोत्सव में रोजाना शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक सर्वेश्वरी देवी के मुखार बिंद से प्रवचन होंगे। श्री मानस मंडल धार्मिक एवं पार मार्थिक ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस महोत्सव में मातृ शक्तियो के बैठने की विशेष व्यस्था रखी गई है.

## जीते जी मुक्ति के लिए भागवत का आश्रय जरुरी

**इंदौर.** भागवत कथा केवल श्रद्धावान लोगों के लिए है, चतुरों के लिए नहीं. यह कथा ऐश्वर्य की तराजू में नहीं तोली जा सकती. भगवान के प्रति जिसकी जैसी भावना होती है, उसे तीर्थ, मूर्ति या अन्य किसी रूप में प्रतिष्ठापित कर देता है। जगत में रहते हुए जगदीश की समीपता कैसे मिले और जीते-जी मुक्ति के लिए क्या करना चाहिए, यही भागवत सिखाती है.



माहेश्वरी समाज की अग्रणी संस्था मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की मेजबानी में मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर रविवार से प्रारम्भ हुए सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में वृन्दावन के जगदगुरु श्री गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने शुभारम्भ सत्र में उक्त ओजस्वी विचार व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व सुबह गीता भवन से भागवत जी एवं विद्वान वक्ता की कलश यात्रा प्रारम्भ हुई जो आसपास के क्षेत्रों में होती हुई पुन: गीता भवन पहुंची. दोपहर में व्यास पीठ पर विराजित होने के बाद मंडल के अध्यक्ष रामकिशोर राठी, मंत्री मनोज धूत एवं प्रकाश लखोटिया, रामअवतार पलोड़, सुनील बंग सहित मंडल के पदाधिकारियों ने यजमान समूह के साथ भागवतजी का पूजन किया. इस अवसर पर विभिन्न समितियों के संयोजक मंजू डागा, उषा खटोड, अमरचंद सोनी, गिरिराज बंग, राम वल्लभ भूतड़ा, गौरीशंकर लोहिया, रामप्रसाद चांडक एवं श्याम सुंदर कोठारी ने विद्वान वक्ता की अगवानी की. गीता भवन ट्रस्ट के मंत्री रामविलास राठी भी विशेष रूप से उपस्थित थे. अध्यक्ष रामकिशोर राठी ने बताया कि गीता भवन में जगदगुरु श्री गोपेश्वर चैतन्य महाराज के श्रीमुख से 13 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा होगी.

## वनवासी अंचलों के 720 बच्चों के लिए जुटाया शिक्षा धन

**इंदौर.** शिक्षा ऐसा धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता. एक व्यक्ति की शिक्षा से पूरा परिवार, समाज और राष्ट्र शिक्षित एवं संस्कारित होता है. वनवासी और ग्रामीण अंचलों के बच्चों के लिए वनबंधु परिषद ने लक्ष्मी-नारायण विवाह के माध्यम से अधिकमास में जो पुरुषार्थ किया है, वह सनातन धर्म को भी मजबूती प्रदान करेगा और एक समृद्ध राष्ट्र के साथ ही संस्कारित समाज के निर्माण का भी मार्ग प्रशस्त करेगा.

बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट पर रविवार को जगदगुरु रामानुजाचार्य अवन्तिका पीठ युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य ने उक्त प्रेरक बातें कही. जगदगुरु के सानिध्य में यहाँ लक्ष्मी-नारायण का अनूठा विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें गाँव पढ़ेगा तो देश बढ़ेगा थीम पर वनवासी अंचलों में संचालित 22 स्कूलों के 720 बच्चों की शिक्षा के सहायतार्थ धनराशि विवाह स्थल पर ही प्राप्त हुई जबकि स्वयं डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य ने भी अपनी ओर से दो स्कूलों के बच्चों के लिए धनराशि प्रदान की. विवाह समारोह का आयोजन वनबंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ़ ट्रायबल सोसायटी (एफटीएस) महिला समिति द्वारा किया गया. परिषद की अध्यक्ष सीमा रणधर एवं सचिव मीना गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य के सानिध्य में सुबह बारात निकाली गई।



एक नजर में | **विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

## मिलावट मुक्त खाद्य पदार्थों व सुरक्षित खान-पान को बढ़ावा देने का आह्वान

**इंदौर.** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर इंदौर में खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह आयोजन खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश तथा यारी क्वालिटेक प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से होटल जॉर्डन, तुलसी नगर में सम्पन्न हुआ.

कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों एवं खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक खान-पान की आदतों को प्रोत्साहित करना था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा थे. उनका स्वागत एआईएमपी के अध्यक्ष योगेश मेहता, सचिव तरुण व्यास तथा यारी क्वालिटेक की ओर से सुश्री यशी श्रीवास्तव ने किया. उद्बोधन में मंत्री श्री कुशवाहा ने स्वस्थ एवं संतुलित भोजन के महत्व पर बल देते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया. उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी. विशेष अतिथि विधायक गोलू शुक्ला ने खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए.



**योजनाओं की जानकारी दी**

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहायक निदेशक गौरव गोयल ने उद्यम पंजीयन, तकनीकी प्रक्रियाओं तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सब्सिडी योजनाओं की जानकारी दी. वहीं प्रमुख खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों एवं प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की. विशिष्ट अतिथि शेफ श्री भूपी ने खाद्य सुरक्षा से जुड़ी अनेक भ्रांतियों को दूर करते हुए उपभोक्ताओं को पैकेज्ड खाद्य पदार्थ खरीदते समय आवश्यक जानकारियों की जांच करने की सलाह दी.